

# अध्याय 2 संख्याएँ

IT6Y8X


## 1. कौन किस स्थान पर है?




पहला




दूसरा



तीसरा



पाँचवाँ



चौथा

### चित्र देखकर बताओ–

1. पहले स्थान पर कौन है?
2. तीसरे स्थान पर कौन है?
3. शेर का कौनसा स्थान है?
4. घोड़े का कौनसा स्थान है?

अब सभी बच्चे पाँच–पाँच के समूह में बँट जाओ। सबसे छोटा बच्चा सबसे आगे लगे फिर उससे लंबा उसके पीछे। इस तरह से एक पंक्ति बना लो।

पता लगाओ तुम्हारी पंक्ति में कौन सबसे छोटा है और कौन सबसे बड़ा।




## कौन किस स्थान पर




1. पहले स्थान पर राकेश है। ........................
2. कौन दूसरे स्थान पर है? .....................
3. पाँचवें स्थान पर कौन है? ........................
4. संजय कौन से स्थान पर है? .......................
5. रवि का स्थान कौन सा है? .......................

और भी वस्तुओं के साथ यह अभ्यास करें। कक्षा में समूह में बँटकर भी यह अभ्यास कर सकते हैं।

## रेलगाड़ी के डिब्बे





इंजन के बाद पहला डिब्बा है।

तीसरे डिब्बे पर (✓) का चिह्न लगाओ।


आठवें डिब्बे पर (X) का निशान लगाओ।

पाँचवें डिब्बे में (O) बनाओ।

सातवें डिब्बे में (△) का निशान लगाओ।



# तारा और उसके पड़ोसी




तारा और उसके पड़ोसियों को उम्र के बढ़ते क्रम में जमाओ।
सबसे छोटे को सबसे पहले, उससे बड़े को उसके बाद और अंत में सबसे बड़े को।

| | नाम | उम्र |
|---|---|---|
| पहला | | |
| दूसरा | | |
| तीसरा | | |
| चौथा | | |
| पाँचवाँ | | |


तालिका देखकर बताओ–

1. सबसे बड़े बच्चे का कौनसा स्थान है? [ ]
2. इरफान का कौनसा स्थान है? [ ]
3. तीसरे स्थान पर कौन है? [ ]

अपने आस–पास के बच्चों के नाम और उम्र पता करो। उनके नाम भी उम्र के हिसाब से क्रम में लिखो।



# सबसे पहले कौन?



तीर के निशान के अनुसार चलो और बताओ कि गुड़िया को कौन–कौन मिला। सभी के नाम क्रम से नीचे की तालिका में भरो।

| पहला | दूसरा | तीसरा | चौथा | पाँचवाँ |
|---|---|---|---|---|
| | | | | |

ऐसे और भी चित्र ढूँढ़ो व उन्हें तीर के अनुसार क्रम में जमाओ।

# सम व विषम संख्याएँ

नीचे गोले में लिखी संख्याओं के बराबर कंकड़ लो। अब इनसे दो–दो कंकड़ों के समूह बनाओ। कितने समूह बने, कितने कंकड़ बचे? उनकी संख्या लिखो।



| संख्या | | समूह | बचे कंकड़ |
|---|---|---|---|
| 5 | (●●) (●●) (●) | 2 | 1 |
| 17 | | | |
| 38 | | | |
| 13 | | | |
| 14 | | | |
| 49 | | | |
| 10 | | | |

जिन संख्याओं में समूह बनाने के बाद एक कंकड़ बचा उनको नीचे लिखो–

| | | | |
|---|---|---|---|
| | | | |

इन्हें **विषम संख्याएँ** कहते हैं।

अब वे संख्याएँ लिखो जिनमें समूह बनाने के बाद एक भी कंकड़ नहीं बचा।

| | | | |
|---|---|---|---|
| | | | |

इन्हें **सम संख्याएँ** कहते हैं।

ऐसी और भी संख्याएँ चुनकर सम एवं विषम संख्याओं की पहचान करो।



# कंकड़ बचे क्या?

जितनी संख्या है उतने कंकड़ लो।

दो–दो कंकड़ों के समूह बनाओ।

जिन संख्याओं में समूह बनाने के बाद एक भी कंकड़ न बचे उस पर गोला लगाओ।


8 = 

| | | | | |
|---|---|---|---|---|
| 8 | 9 | 15 | 14 | 7 |
| 3 | 10 | 18 | 13 | 20 |
| 28 | 21 | 12 | 17 | 5 |
| 30 | 35 | 22 | 19 | 32 |

अब जिन संख्याओं पर गोले बने उन्हें यहाँ नीचे लिखो – (सम संख्याएँ)

जिन पर गोले नहीं बने उन संख्याओं को यहाँ नीचे लिखो – (विषम संख्याएँ)

अपने दोस्तों को कोई भी संख्या देकर पूछो कि वह सम है या विषम।



## समझो और करो।

नीचे लिखी हुई किन संख्याओं के बराबर वस्तुएँ लेने पर दो–दो के समूह बन जाएँगे और एक भी वस्तु नहीं बचेगी।

जिन संख्याओं के साथ ऐसा होता है उन सब पर गोल घेरा लगाओ।

2 (4)

8 10

46 7

19 3 28

15

35 24

## किन संख्याओं में पूरे जोड़े नहीं बनेंगे? उन संख्याओं पर चौकोर ☐ बनाओ।


47

35 8 39

[13]

16 10 43

15 32





सम संख्याओं को बढ़ते क्रम में लिखो।

2 → 4 → 6 → ◯ → ◯ → ◯ → ◯ → ◯

24 → 26 → 28 → ◯ → ◯ → ◯ → ◯ → ◯

विषम संख्याओं को बढ़ते क्रम में लिखो।

1 → 3 → 5 → ◯ → ◯ → ◯ → ◯ → ◯

35 → 37 → 39 → ◯ → ◯ → ◯ → ◯ → ◯

## सम संख्या पहचानो।


1 से 50 तक की संख्याओं में सम संख्याओं पर गोला ◯ बनाओ।

| | | | | |
|---|---|---|---|---|
| 1 | 11 | 21 | 31 | 41 |
| 2 | 12 | 22 | 32 | 42 |
| 3 | 13 | 23 | 33 | 43 |
| 4 | 14 | 24 | 34 | 44 |
| 5 | 15 | 25 | 35 | 45 |
| 6 | 16 | 26 | 36 | 46 |
| 7 | 17 | 27 | 37 | 47 |
| 8 | 18 | 28 | 38 | 48 |
| 9 | 19 | 29 | 39 | 49 |
| 10 | 20 | 30 | 40 | 50 |




## कितने बंडल कितनी तीली?

अपने शिक्षक से माचिस की तीलियाँ लो। नीचे जितनी संख्या दी हैं उतनी तीलियाँ निकालो।



11




14




12


निकाली हुई तीलियों में से 10 तीलियों को धागे से बाँधकर एक बंडल बना लो। कितनी तीलियाँ बच गईं?



11



14



12

कितने बंडल बने व कितनी तीलियाँ बचीं?


नीचे लिखी संख्याओं के बराबर तीलियाँ निकालो। दस–दस के बंडल बनाओ। बताओ कि कितने बंडल बने एवं कितनी तीलियाँ बचीं?

| | बंडल की संख्या | बची हुई तीलियों की संख्या |
|---|---|---|
| 15 | | |
| 19 | | |
| 21 | | |
| 26 | | |

और भी संख्याएँ लेकर बंडल बनाओ और बची तीलियों को गिनो। तुम माचिस की तीलियों के अलावा मोती, कंकड़, बीज कुछ भी ले सकते हो।

# कितनी माला बनीं?


अब सभी बच्चे अपने शिक्षक से कुछ मोती लो। दस–दस मोतियों की माला बनाकर गिनो। कितनी मालाएँ बनीं ?


| मोती | माला | माला की संख्या |
|---|---|---|
| 10 |  | 1 |
| 20 | | |
| 30 | | |
| 40 | | |
| 50 | | |
| 60 | | |
| 70 | | |
| 80 | | |
| 90 | | |
| 100 | | |


इसी प्रकार अन्य संख्याओं के साथ भी अभ्यास करो।





## आगे बढ़ें।



दस और एक 10 + 1 = 11



दस और दो 10 + 2 = ☐



दस और चार 10 + 4 = ☐


दस और छः 10 + 6 = ☐


दस और तीन ☐ + ☐ = ☐


दस और सात ☐ + ☐ = ☐



दस और नौ ☐ + ☐ = ☐


दस और दस ☐ + ☐ = ☐


ऐसे ही अभ्यास 20 से 50 तक संख्याओं के साथ करो।




## कुछ और अभ्यास




$30 + 1 = \boxed{31}$




$40 + 3 = \square$




$50 + \square = \square$



$\square + \square = \square$




$\square + \square = \square$





$\square + \square = \square$

## हल करो तो मानें।

नीचे बने अंगूरों के गुच्छे देखकर अंगूरों की संख्या लिखो।

 ☐  ☐

 ☐  ☐

 ☐  ☐

ऐसे ही दस–दस अंगूरों के गुच्छे गिनकर हम यह जान सकते हैं कि–

5 गुच्छे = 10 + 10 + 10 + 10 + 10 = 50 अंगूर





3 गुच्छे = ☐ + ☐ + ☐ = ☐

2 गुच्छे = ☐ + ☐ = ☐

4 गुच्छे = ☐ + ☐ + ☐ + ☐ = ☐

## माला और मोती

आओ कुछ और अभ्यास करें –

| | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 23 |  | = | 20 | + | 3 |
| 34 |  | = | ☐ | + | ☐ |
| 45 |  | = | ☐ | + | ☐ |
| 56 |  | = | ☐ | + | ☐ |

तुमने देखा कि संख्या 23 में 10–10 मोतियों की 2 मालाएँ बनती हैं एवं 3 मोती बच जाते हैं, इसे हम इस प्रकार लिख सकते हैं।

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 23 | = | दो माला | + | तीन मोती | = | 2 दहाई | + | 3 इकाई |
| 34 | = | तीन माला | + | चार मोती | = | 3 दहाई | + | 4 इकाई |
| 45 | = | चार माला | + | पाँच मोती | = | ☐ | + | 5 इकाई |
| 56 | = | पाँच माला | + | छः मोती | = | ☐ | + | ☐ |

इन दस मोतियों की माला/बंडल को एक दहाई के रूप में तथा मोतियों को इकाई के रूप में समझा जा सकता है।

**दस इकाइयाँ मिलकर एक दहाई बनती है।**



# दहाई–इकाई

हम यह जान चुके हैं कि

34 = 3 दहाई + 4 इकाई

15 = 1 दहाई + 5 इकाई

52 = 5 दहाई + 2 इकाई

इसी प्रकार नीचे लिखी संख्या में इकाई एवं दहाई पहचानो।

| संख्या | दहाई | इकाई |
|---|---|---|
| 21 | 2 | 1 |
| 42 | 4 | 2 |
| 15 | 1 | |
| 32 | | |
| 12 | | |
| 15 | | |
| 23 | | |
| 45 | | |
| 67 | | |
| 82 | | |
| 94 | | |

1 से 99 तक संख्याओं में इकाई एवं दहाई पहचानने का खेल खेलो।






# संख्या कितनी हुई?

संख्या लिखो –


1 दहाई + 4 इकाई = 14

4 दहाई + 3 इकाई = ☐


2 दहाई + 6 इकाई = ☐

अब नीचे चित्रों में संख्या लिखो –


3 दहाई 2 इकाई





5 दहाई 5 इकाई




7 दहाई 1 इकाई




4 दहाई 8 इकाई



9 दहाई 8 इकाई



8 दहाई 4 इकाई



इसी प्रकार अपने साथियों के साथ नई–नई संख्याएँ बनाओ।


# कौनसी संख्या किसके साथ?

## मिलान करो

| | | | |
|---|---|---|---|
| 3 दहाई | + | 2 इकाई | 59 |
| 9 दहाई | + | 3 इकाई | 83 |
| 7 दहाई | + | 8 इकाई | 35 |
| 5 दहाई | + | 9 इकाई | 93 |
| 8 दहाई | + | 3 इकाई | 78 |
| 1 दहाई | + | 6 इकाई | 68 |
| 4 दहाई | + | 7 इकाई | 99 |
| 2 दहाई | + | 5 इकाई | 16 |
| 6 दहाई | + | 8 इकाई | 47 |
| 3 दहाई | + | 5 इकाई | 25 |
| 9 दहाई | + | 9 इकाई | 32 |


## कितनी दहाई कितनी इकाई

12 =




1 दहाई + 2 इकाई
10 इकाई + 2 इकाई
10 + 2

23 =



2 दहाई + 3 इकाई
20 इकाई + 3 इकाई
20 + 3

35 =



□ दहाई + □ इकाई
□ इकाई + □ इकाई
□ + □

## बिना चित्रों के बताओ कितनी दहाई कितनी इकाई

42 =

□ दहाई + □ इकाई
□ इकाई + □ इकाई
□ + □

56 =

□ दहाई + □ इकाई
□ इकाई + □ इकाई
□ + □

83 =

□ दहाई + □ इकाई
□ इकाई + □ इकाई
□ + □

## समझो और करो।

स्थानीय मान लिखो–

**15**
- इकाई के स्थान पर [5] का स्थानीय मान [5] है।
- दहाई के स्थान पर [1] का स्थानीय मान [10] है।

**27**
- इकाई के स्थान पर [7] का स्थानीय मान [ ] है।
- दहाई के स्थान पर [2] का स्थानीय मान [ ] है।

**36**
- इकाई के स्थान पर [ ] का स्थानीय मान [ ] है।
- दहाई के स्थान पर [ ] का स्थानीय मान [ ] है।

**49**
- दहाई के स्थान पर [ ] का स्थानीय मान [ ] है।
- इकाई के स्थान पर [ ] का स्थानीय मान [ ] है।

**50**
- इकाई के स्थान पर [ ] का स्थानीयमान [ ] है।
- दहाई के स्थान पर [ ] का स्थानीय मान [ ] है।

**84**
- दहाई के स्थान पर [ ] का स्थानीय मान [ ] है।
- इकाई के स्थान पर [ ] का स्थानीय मान [ ] है।


अन्य संख्याओं के साथ भी ऐसा खेल खेलो।






# दहाई और इकाई

देखो और बताओ–




अन्य संख्याओं के साथ भी ऐसा खेल खेलो।



दिए गए दो अंकों की मदद से सबसे छोटी व सबसे बड़ी संख्या बनाना।

## आओ कुछ संख्याएँ बनाएँ।

1. यदि हमें 5 और 2, दो अंक दिए गए हैं तो इनसे मिलकर बनने वाली संख्याएँ होंगी– 52 और 25
2. 3 और 7 से बनने वाली संख्याएँ होंगी– 37 और 73

   अब 1 से 9 तक के अंक कार्ड लो। इनमें से कोई दो कार्ड निकालो। इन्हें अलग–अलग तरह से ऐसे जमाओ कि अलग–अलग संख्याएँ बनें।

   इसी तरह दो–दो कार्ड निकालते जाओ और हर बार बनने वाली संख्याएँ अपने साथियों को बताओ।

## करके सीखो

दिए गए अंकों से संख्याएँ बनाओ।


| | | | | |
|---|---|---|---|---|
| (1) | 7, | 2, | ................, | ................ |
| (2) | 5, | 8, | ................, | ................ |
| (3) | 3, | 3, | ................, | ................ |
| (4) | 6, | 4, | ................, | ................ |
| (5) | 7, | 8, | ................, | ................ |
| (6) | 9, | 9, | ................, | ................ |

1 से 9 तक के अंक कार्ड के दो सेट लो। इनमें से कोई दो कार्ड निकालो इनसे बनने वाली संख्याएँ लिखो। बताओ दो अंकों की सबसे छोटी और सबसे बड़ी संख्या कौन–कौन सी हैं ?



## समूह बनाओ।

दो दो के समूह बनाओ




कितने फूल हैं

कितने समूह बने

कितने फूल बचे

तीन–तीन के समूह बनाओ




कितने फूल हैं

कितने समूह बने

कितने फूल बचे

चार–चार के समूह बनाओ




कितने फूल हैं

कितने समूह बने

कितने फूल बचे

पांच–पांच के समूह बनाओ




कितने फूल हैं

कितने समूह बने

कितने फूल बचे

दस–दस के समूह बनाओ



कितने फूल हैं

कितने समूह बने

कितने फूल बचे

ऐसे ही और नए समूह बनाओ।



# अंकों को शब्दों में लिखना।

| अंक | शब्द | अंक | शब्द |
|---|---|---|---|
| 1 | एक | 11 | ग्यारह |
| 2 | दो | 12 | बारह |
| 3 | तीन | 13 | तेरह |
| 4 | चार | 14 | चौदह |
| 5 | पाँच | 15 | पंद्रह |
| 6 | छः | 16 | सोलह |
| 7 | सात | 17 | सत्रह |
| 8 | आठ | 18 | अठारह |
| 9 | नौ | 19 | उन्नीस |
| 10 | दस | 20 | बीस |

IT8Z81

इन अंकों को शब्दों में लिखो –

| | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | | 15 | | 2 | |
| 5 | | 18 | | 4 | |
| 8 | | 20 | | 13 | |
| 10 | | 9 | | 17 | |
| 12 | | 6 | | 14 | |